688. निम्नलिखित में से किसने 'तरूण राजस्थान' एवं 'डेली हेराल्ड' समाचारपत्रों के माध्यम से सीकर के किसानों की समस्याओं की प्रचारित किया?

(a) हरलालसिंह चौधरी (b) रामनारायण चौधरी
(c) लादूराम चौधरी (d) हीरालाल शास्त्री

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)
कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) – रामनारायण चौधरी ने साप्ताहिक समाचार पत्र 'तरूण राजस्थान' के माध्यम से सीकर के किसानों के पक्ष में वातावरण तैयार किया। वहीं लंदन से प्रकाशित होने वाले पत्र 'डेली हेराल्ड' के माध्यम से शेखावती के किसानों की समस्याओं पर लेख लिखा।

689. राजस्थान में राजनीतिक गतिविधियों के संचालन सर्वप्रथम किस राज्य में 1934 में प्रजा मण्डल की स्थापना की गई?

(a) जोधपुर (b) कोटा
(c) मेवाड़ (d) अलवर

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) – राजस्थान में राजनीतिक गतिविधियों के संचालन के लिए वर्ष 1934 ई0 में जोधपुर में सर्वप्रथम प्रजामण्डल की स्थापना की गयी। भँवरलाल सर्राफ इसके प्रथम अध्यक्ष थे एवं इसके संस्थापकों में जयनारायण व्यास, आनंदमल सुराणा प्रमुख रखे है।

690. 'सागरमल गोपा' को राजद्रोह के आरोप में कितने वर्ष की कठोर कारावास की सजा दी गई?

(a) 12 वर्ष (b) 20 वर्ष
(c) 6 वर्ष (d) आजीवन कारावास

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020

Ans. (c) – 'सागरमल गोपा' जैसलमेर के स्वतंत्रता सेनानी थे। महारावल जवाहर सिंह के अत्याचारों का विरोध करने वालों में अग्रणी थे। इन्हें वर्ष 1941 में राजद्रोह के आरोप में छः वर्ष की कठोर कारावास की सजा दी गई। जेल में रहते हुए इनके द्वारा 'जैसलमेर में गुंडाराज' नामक पुस्तक लिखी गयी। जेल में रहने के दौरान ही 4 अप्रैल 1946 को इनकी मृत्यु हो गयी।

691. डूंगरजी-जवाहरजी का संबंध था-

(a) शेखावटी बिग्रेड से (b) मीणा ब्रिगेड से
(c) भील ब्रिगेड से (d) जाट रेजीमेंट से

JEN Mechanical Diploma 21.8.2016

Ans. (a) – डूंगर जी -जवाहर जी का संबंध शेखावटी बिग्रेड से है। इनका नाम राजस्थान के महान क्रांतिकारियों में गिना जाता है। इन्होंने छापामार लड़ाई द्वारा अंग्रेजों को परेशान किया। शेखावटी बिग्रेड की स्थापना का उद्देश्य शेखावटी, तंवरावटी, चुरू और लुहारू क्षेत्र में पनप रहे ब्रिटिश सत्ता विरोधी विद्रोह का नेतृत्व करना था।

692. बूँदी किसान आन्दोलन का संबंध रहा है-

(a) 1847-1941ई. (b) 1921-281ई.
(c) 1926-43 ई. (d) 1932-35 ई.

JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016

Ans. (c) – लगान की ऊँची दरों व बेगार के विरोध में बूँदी में 'बूँदी किसान आन्दोलन (1926-43 ई.) की शुरूआत हुई। वर्ष 1926 ई. में बूँदी आंदोलन का नेतृत्व पं. नयनूराम शर्मा ने किया था। इसके बरड़ किसान आंदोलन भी कहा जाता है। इस आंदोलन में महिलाओं ने भी भागीदारी की थी। कुछ समय पश्चात् माणिक्य लाल वर्मा ने इस आंदोलन की कमान संभाली थी।

693. ''शेखावटी जाट आन्दोलन'' का नेतृत्व किसने किया?

(a) पं. नरोत्तम लाल जोशी
(b) पं. टोडरमल
(c) पं. रामकरण आसोपा
(d) पं. अभिन्न हरि

JEN Civil Diploma 21.08.2016

Ans. (a) – वर्ष 1939 में शेखावटी जाट आन्दोलन का नेतृत्व पं. नरोत्तम लाल जोशी ने की थी।
→ शेखावटी आन्दोलन सीकर आन्दोलन का ही विस्तार था।
→ वर्ष 1938 में प्रजामण्डलों की स्थापना से शेखावटी के किसानों की समस्या पर निरन्तर प्रस्ताव पास होते रहे और किसानों को संघर्ष करने के लिए नैतिक प्रोत्साहन मिलता रहा है।

694. ''भारत में एक मात्र ठाकुर केसरीसिंह बारहठ ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने भारत माता की दासता की शृंखलाओं को काटने के लिए अपने समस्त परिवार को स्वतंत्रता के युद्ध में झोंक दिया।'' के कथन किसने कहा?

(a) महात्मा गांधी
(b) रासबिहारी बोस
(c) सुभाष चन्द्र बोस
(d) सरदार पटेल

JEN Civil Diploma 21.08.2016

Ans. (b) – भारत में एकमात्र ठाकुर केसरीसिंह बारहठ ऐसे व्यक्ति है जिन्होंने भारत माता की दासता की शृंखलाओं को काटने के लिए अपने समस्त परिवार को स्वतन्त्रता के युद्ध में झोंक दिया, यह कथन रास बिहारी बोस ने दिया था। क्योंकि स्वतंत्रता आंदोलन में केसरी सिंह बारहठ के अतिरिक्त इनके भाई जोरावर सिंह बारहठ तथा पुत्र प्रताप सिंह बारहठ ने भी अपने प्राण त्यागे थे।

695. उदयपुर में 'महिला मण्डल' (1935) की स्थापना किसने की-

(a) दयाशंकर क्षोत्रिय
(b) रामशंकर गुप्ता
(c) महादेवी वर्मा
(d) जयशंकर अग्रवाल

JEN Civil Degree Exam Date - 16.10.2016

Ans. (a) – उदयपुर में 'महिला मण्डल' की स्थापना दयाशंकर क्षोत्रिय ने 10 नवम्बर, 1935 को की थी। यह महिला मण्डल एक शिक्षा संस्थान के रूप में था।

696. कौन-सा कूट सुमेलित नहीं है-

	प्रजामण्डल		**संस्थापक**
(i)	जैसलमेर	-	मीठालाल व्यास
(ii)	कोटा	-	नयनूराम शर्मा
(iii)	जयपुर	-	कपूरचन्द्र पाटनी
(iv)	बूँदी	-	गोलीलाल यादव

(a) (i) (b) (ii)
(c) (iii) (d) (iv)

JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016